# शेरोवाली अंबे भवानी | By Lakhbir Singh Lakha |

शेरोवाली अंबे भवानी... (2)
तेरे नाम को जपते सारे प्राणी... (2)

जय जय माँ...
जय जय जय जय जय जय हो माँ... (4)

तेरी आरती चाँद सूरज उतारे
पवन आप का रोज आँगना बुहारे
तू अन्नपूर्णा है, महा शिव की शक्ति
सदा ब्रह्मा विष्णु करें तेरी भक्ति

तू ही लक्ष्मी, तू ही विद्या पाणी
माँ, तेरे नाम को जपते सारे प्राणी

शेरोवाली अंबे भवानी... (2)
तेरे नाम को जपते सारे प्राणी... (2)

जय जय माँ...
जय जय जय जय जय जय हो माँ... (4)

गले में सुहाए हैं मोती की माला
चमकता है कानो में कुण्डल विशाला
और नव लाख चुनरी में तारे सजाए
हैं चारों दिशा तेज से जगमगाए

बड़े-बड़े ऋषि मुनि ज्ञानी
माँ, तेरे नाम को जपते सारे प्राणी

ऐ माँ...
शेरोवाली अंबे भवानी... (2)
तेरे नाम को जपते सारे प्राणी... (2)

जय जय माँ...
जय जय जय जय जय जय हो माँ... (4)

सदा कष्ट भक्तों के हरती हो मैया
निपूती की तुम गोद भरती हो मैया
कोई द्वार से तेरे खाली न जाए
जो मांगे वही दान माँ तुमसे पाए

कोई नहीं तुमसा है दानी
तेरे नाम को जपते सारे प्राणी

शेरोवाली अंबे भवानी... (2)
तेरे नाम को जपते सारे प्राणी... (2)

जय जय माँ...
जय जय जय जय जय जय हो माँ... (6)

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%8b%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%85%e0%a4%82%e0%a4%ac%e0%a5%87-%e0%a4%ad%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%80-by-lakhbir-singh-lakha/